तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 अगस्त 2026



10 रक्षाबंधन को लेकर हिरमी-मोहरा सहित आसपास...





10 चीनी और प्याज के बाद सब्जियों के बढ़े दाम ने ...







हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन 27 अगस्त 2026

कूपन नं. 13


## खबर संक्षेप

### खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम आज

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा भाई भारत के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस पर 27 अगस्त को खेलो इंडिया संवाद : खेल की बात पीएम के साथ कार्यक्रम का राष्ट्रव्यापी आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के युवाओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिले के महाविद्यालयों में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्थानीय खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और नीति-निर्माताओं के साथ एक साझा मंच पर जोड़कर भारत के खेल इकोसिस्टम पर संवाद स्थापित करना है।कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से निर्धारित महाविद्यालय में प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं सम्बंधित महाविद्यालय को जरुरी निर्देश दिया गया है।

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**गिधौरी।** जिला पुलिस महिला सुरक्षा एवं महिला संबंधी अपराधों पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में थाना गिधौरी-टुण्डरा पुलिस द्वारा महिला को जान से मारने एवं बदनाम करने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता ने थाना गिधौरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि हसुवा निवासी 35 वर्षीय संतोष कुमार साहू पिता स्व. सम्मेलाल साहू द्वारा उसके घर में घुसकर बदनाम करने तथा बच्चे को जान से मारने की धमकी देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी द्वारा लगातार डरा-धमकाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता की शिकायत पर थाना गिधौरी-टूण्डरा में धारा 64(2)(एम) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर उसे हिरासत में लिया गया। पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर आरोपी को 25 अगस्त को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया।

### एक्सीडेंट में 3 मवेशी घायल, एक की मौत

**महासमुंद।** नगर के अटल परिसर के सामने एक वाहन की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। वहीं तीन घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक शौकिन पिता कमालुइद्दीन (33 वर्ष) निवासी कोलगांव थाना किशनगढ़ जिला अलवर, राजस्थान के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बूचड़खाना ले जाए जा रहे पांच मवेशी छुड़ाए गए

**महासमुंद।** बूचड़खाना ले जाए रहे पांच मवेशियों को छुड़ाया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 25 अगस्त को प्रार्थी विजय शर्मा वार्ड नं 6 लालपुर थाना बागबाहरा ने रिपोर्ट लिखाई है।

# मिठाई दुकानों में खाद्य विभाग की कार्रवाई, 107 किलो खराब खाद्य सामग्री नष्ट, 21 नमूने लिए

## खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों का पालन करने दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सघन जांच अभियान चला रही है। अभियान के तहत पिछले एक सप्ताह में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से 21 नमूने लिए गए हैं। इनमें 7 विधिक और 14 सर्विलांस नमूने शामिल हैं। वहीं जनस्वास्थ्य के लिए संभावित खतरा बनी 107 किलो खराब खाद्य सामग्री को मौके पर नष्ट कराया गया। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा दल ने बलौदाबाजार के कलकत्ता स्वीट्स गांधी चौक और रूपड़ा मिष्ठान भंडार तथा सिमगा के जय मां दुर्गा स्वीट्स, बालाजी जोधपुरी स्वीट्स और अमित स्वीट्स का निरीक्षण किया। टीम ने बेसन लड्डू, पेड़ा, मिल्क केक, मलाई पेड़ा, खोया, गुलाब जामुन, शंकरपारा, मेवा, मेथी मटरी और बेमन पापड़ी सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे हैं। रिपोर्ट में मिलावट अथवा अमानकता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। रूपड़ा मिष्ठान भंडार में हेड कवर और ग्लव्स का उपयोग नहीं किए जाने पर धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत दी है। बिना लाइसेंस संचालित अस्थायी स्टॉलों तथा शहरी क्षेत्रों से ग्रामीण हाट-बाजारों तक होने वाली संदिग्ध मिठाइयों की आपूर्ति पर भी निगरानी बढ़ाई गई है।

## जामा मस्जिद से निकले जुलूस का जगह-जगह हुआ स्वागत, प्रशासन ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था

# ईद-मिलाद-उन-नबी पर निकला जुलूस अमन-चैन और भाईचारे का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा जिला मुख्यालय में ईद-मिलाद-उन-नबी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद से जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने पैगंबर साहब के बताए प्रेम, शांति, सद्भाव और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।

जुलूस के दौरान नात-ए-पाक पढ़ी गई और विभिन्न स्थानों पर लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। जुलूस में शामिल बच्चों एवं जायरीनों के लिए जगह-जगह खाने-पीने की सामग्री और शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी। इससे आयोजन में सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी मानवता को दया, समानता, प्रेम, शांति और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने समाज में कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद करने तथा सभी के साथ सद्भावपूर्वक व्यवहार करने की सीख दी। वक्ताओं ने कहा कि ईद-मिलाद-उन-नबी केवल खुशी मनाने का अवसर नहीं, बल्कि पैगंबर साहब के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने और समाज में अमन-चैन कायम रखने का संदेश देने का भी अवसर है। समाज के लोगों ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश का दिन मुस्लिम समाज के प्रमुख पर्वों में से एक है, जिसे देश-दुनिया में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया ▸▸ शेष पेज 9 पर



### ईद मिलादुन्नबी पर युवाओं ने किया रक्तदान

**पलारी।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम जमात पलारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुस्लिम जमात के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए जरूरतमंद मरीजों की मदद के उद्देश्य से 18 युवाओं ने रक्तदान किया। मुस्लिम जमात पलारी द्वारा आयोजित इस पहल की लोगों ने सराहना की है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में इंसानियत, सेवा और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। जमात ने बताया कि यह आयोजन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे विलादत (जन्मदिन) के मुबारक मौके पर मानव सेवा और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान एक नेक कार्य है और किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और ऐसे मुबारक मौके पर इस तरह के आयोजन का संकल्प भी दोहराया गया। ब्लड डोनेट करने वाले में - शेर खान रज्जू, सुल्तान मिर्जा, अजब बेग, मुस्तकीम रज़ा, मोहम्मद चांद रज़ा, नाजर खान, रसीद मोहम्मद, नाज सुल्तान मिर्जा, ताहिर खान, शमीम मिर्जा, सज्जाद मिर्जा, शहबाज खान, तालिब बेग, अय्यूब बेग, नसीम मोहम्मद, आसिम मोहम्मद, सादिक मिर्जा ललित वर्मा शामिल हैं।

# रेल पटरी पर मिली युवक की कटी लाश आत्महत्या की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा-नेवरा

शहर से लगे ग्राम कोहका निवासी कुंभकरण सतनामी का शव बुधवार को तिल्दा-बैकुंठ के बीच जोता रोड केबिन के पास रेल पटरी पर कटा हुआ मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, युवक का शव रेल पटरी के बीच कमर से दो हिस्सों में कटा हुआ पड़ा था। पंचनामा कार्रवाई के दौरान मृतक की पहचान ग्राम कोहका निवासी कुंभकरण सतनामी के रूप में हुई। बताया गया कि कुंभकरण अपनी मां के साथ रहता था। विवाह के बाद उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। वह अत्यधिक शराब का सेवन करता था और अक्सर नशे की हालत में रहता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। घटना की जांच की जा रही है और पुलिस आत्महत्या सहित अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। बताया गया कि कुंभकरण के छोटे भाई ने भी करीब एक माह पहले आत्महत्या कर ली थी। लगातार दूसरी दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कुंभकरण की मौत के बाद अब उसकी मां घर में अकेली रह गई है।

# डाक विभाग ने लगाया आधार अपडेट शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

■ 32 छात्र-छात्राओं का मुफ्त बायोमेट्रिक अपडेट



विकासखंड के हाई स्कूल खर्री, पोस्ट ऑफिस आमाखोहा में मंगलवार 25 अगस्त को डाक विभाग के आधार सेवा केंद्र, उप डाकघर कसडोल द्वारा अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 32 छात्र-छात्राओं का मुफ्त बायोमेट्रिक अपडेट किया गया। इसके साथ ही आधार कार्ड में नाम एवं जन्मतिथि में सुधार संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। शिविर के माध्यम से डाक विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को दी गई। इनमें ढाई आखर निबंध प्रतियोगिता, छात्रवृत्ति खातों सहित डाक विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया।

उप डाकघर कसडोल के आधार ऑपरेटर धनंजय श्रीवास ने बताया कि डाक विभाग की यह पहल दूरदराज के स्कूलों और गांवों के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। ऐसे क्षेत्रों में आवागमन के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं होने तथा पालको के खेती-किसानी कार्यों में व्यस्त रहने एवं अन्य कारणों से कई बच्चे आधार अपडेट के लिए उप डाकघर तक नहीं पहुंच पाते। ऐसे में विभाग द्वारा स्कूलों और गांवों तक पहुंचकर की सुविधा उपलब्ध ▸▸ शेष पेज 9 पर

# राखी से पहले महिलाओं के खाते में पहुंची महतारी वंदन की राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता, सम्मान और आत्मविश्वास का आधार बन रही है। ग्राम बिटकुली की श्रीमती मंजू ध्रुव भी ऐसी ही महिला हैं, जिन्होंने शासन की योजनाओं और स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया है। मंजू बताती हैं कि उन्हें महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। स्व-सहायता समूह से होने वाली आय और महतारी वंदना योजना से प्राप्त राशि का उपयोग वे घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में कर रही हैं। रक्षाबंधन पर्व से पहले महतारी वंदना योजना की 31वीं किस्त प्राप्त होने से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। समय से पहले राशि मिलने से रक्षाबंधन की खुशियां और भी बढ़ गई हैं। यह राशि उनके लिए केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि ▸▸ शेष पेज 9 पर

# युवा कांग्रेस नेता के स्वागत में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ कार की छत पर चढ़कर लहराया पार्टी का झंडा

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद प्रत्याशी सत्येंद्र चेलक के चुनाव प्रचार के दौरान बलौदाबाजार में आयोजित स्वागत रैली का एक वीडियो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। रैली के दौरान कुछ युवा कार की छत पर चढ़कर पार्टी का झंडा लहराते और स्टैंडबाजी करते नजर आए। इस दौरान यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी किए जाने के आरोप लग रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सत्येंद्र चेलक चुनाव प्रचार के सिलसिले में बलौदाबाजार पहुंचे थे। उनके स्वागत के लिए युवाओं की ओर से रैली निकाली गई। इसी दौरान कुछ युवक चलती कार की छत पर चढ़ गए और हाथों में पार्टी के झंडे लेकर प्रदर्शन करते नजर आए। रैली के दौरान इस तरह की स्टैंडबाजी से सड़क पर यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### आम लोगों पर कार्रवाई, अब नेताओं के समर्थकों पर नजर

गौरतलब है कि जिले में इससे पहले भी कार की छत पर बैठकर स्टैंडबाजी करने का वीडियो सामने आया था। मामले में पुलिस ने संबंधित युवकों के अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई की थी। उस कार्रवाई के बाद पुलिस ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने को लेकर सख्ती का संदेश दिया था। ऐसे में अब युवा कांग्रेस की रैली से सामने आए इस वीडियो ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि आम लोगों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाती है, तो राजनीतिक दलों से जुड़े युवाओं और नेताओं के समर्थकों पर भी समान रूप से नियम लागू होने चाहिए।

### पुलिस कार्रवाई पर टिकी नजर

अब देखने वाली बात यह होगी कि पुलिस इस मामले में वीडियो के आधार पर संज्ञान लेती है या नहीं। यदि यातायात नियमों का उल्लंघन प्रमाणित होता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है, इस पर सभी की नजर है। फिलहाल रैली के दौरान बनाए गए वीडियो के सामने आने के बाद यह मामला स्थानीय स्तर पर चर्चा में है और लोगों को पुलिस की कार्रवाई का इंतजार है।

## बारनवापारा में आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों ने निकाला भव्य जुलूस

# विश्व आदिवासी दिवस पर समाज ने दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल



विश्व आदिवासी दिवस पर बारनवापारा में सर्व आदिवासी समाज बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत गोंडवाना भवन में बूढ़ादेव की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारियों का स्वागत-सत्कार किया गया। पूजा-अर्चना और स्वागत कार्यक्रम के पश्चात सामाजिक उद्बोधन का आयोजन हुआ।

इस दौरान दर्जनों सामाजिक वक्ताओं ने आदिवासी समाज के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास, समाज की एकता और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और अधिकारों के संरक्षण के साथ समाज को संगठित एवं शिक्षित बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज के लोगों द्वारा भव्य जुलूस भी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक उत्साह के साथ निकले जुलूस ने क्षेत्र में आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य गायत्री बरीहा, जनपद सदस्य दुर्गा ठाकुर, एच.आर. पैंकरा रेंजर, टिकेश्वर ठाकुर, अरुण दीवान प्रभारी बार मंडी, खिलेश्वरी यादव सरपंच, चंद्रिका बरीहा, लोकनाथ रात्रे, मंगतूराम जगत, बिजेंद्र पांडेश्वर, भिखम ठाकुर, दिनेश ठाकुर, संपत ठाकुर, संतोष ठाकुर, संजीव ठाकुर, हेम कुमार दीवान, इंदल दीवान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। विश्व आदिवासी दिवस के इस आयोजन ने आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और सामाजिक चेतना को मजबूती देने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### परसुली में 54 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित छात्राओं के चेहरे खिले

**नर्रा।** शासकीय बूढ़ादेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसुली में मंगलवार को सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा नवमीं में नव-प्रवेशी 54 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। वही विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य लता कुम्हार, सरपंच जलसिंह पाड़े, सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, सरपंच प्रभा पटेल परकोम, सरपंच लीलाबाई दीवान पंडरीपानी एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डिगेश्वरी साहू, वरिष्ठ नागरिक पदुमलाल पटेल, संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### लोन नहीं लेने पर प्रताड़ित कर पत्नी को पीटा

**रायपुर।** लोन लेने के लिए पत्नी को प्रताड़ित कर मारपीट करने वाले आरोपी व्यक्ति के खिलाफ टिकरापारा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया आयशा अंजुम निवासी संजय नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे उसका पति अहमद कुरैशी एवं अन्य लोग उस पर 50 हजार रुपए लेने के लिए दबाव बनाते हुए प्रताड़ित कर रहे थे। उसने जब लोन लेने से इंकार किया तो 21 अगस्त को उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी तथा गाली-गलौज कर मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर पीटा, 2 पर केस

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मारपीट के मामले में एक युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रार्थी अरशद रजा निवासी गाजीनगर बिरगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 अगस्त को रात 11 बजे ट्रांसपोर्ट नगर में सिमरन बार के पास आरोपी रियाज खान और एजाज खान ने शराब पीने के लिए उससे पैसों की मांग की। अरशद ने जब पैसे देने से इंकार किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट की।

### चाकू लेकर दहशत फैलाते धरा गया बदमाश

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने चाकू के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी देवेंद्र सिंह 25 अगस्त को सुबह 11 बजे शीतला मंदिर के पास डूमरतालाब हाथ में चाकू लेकर लहराते हुए घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया है।

### बावन परी पर दांव लगाते धरे गए 7 युवक

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने ताशपत्ती पर दांव लगाने वाले सात आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। भनपुरी क्षेत्र में नो ब्लॉक टर्निंग पाइंट के पास खुली जगह पर लोग ताशपत्ती पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी दिगंबर पटेल सहित सभी आरोपियों के कब्जे से ताशपत्ती एवं 42810 रुपए जब्त कर जुआ एक्ट 3-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### रक्षाबंधन पर दुर्ग-रायगढ़ के बीच पैसेंजर स्पेशल

**रायपुर।** रक्षाबंधन पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दुर्ग-रायगढ़-दुर्ग के बीच रक्षाबंधन पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 08834/08833 27 से 29 अगस्त 2026 तक कुल तीन फेरे लगाएगी। इससे दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, रायगढ़ सहित मार्ग के अन्य स्टेशनों के यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा सुविधा मिलेगी। गाड़ी संख्या 08834 दुर्ग-रायगढ़ पैसेंजर स्पेशल दुर्ग से सुबह 10.30 बजे रवाना होगी। ट्रेन भिलाई नगर, भिलाई पॉवर हाउस, भिलाई, देवबलोदा, चरोदा, कुम्हारी, सरोना, सरस्वती नगर होते हुए 11.25 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसके बाद डब्ल्यूआरएस, उरकुरा, मांढर, सिलयारी, बैकुंठ, तिल्दा-नेवरा, हथबंद होते हुए 12.50 बजे भाटापारा पहुंचेगी। ट्रेन आगे निपानिया, दगोरी, बिल्हा, चकरभाटा, दाधापारा, 14.45 बजे बिलासपुर, फिर गतौरा पहुंचेगी।

# ईद-ए-मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूस, गूंजे नार-ए-तकबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिवस ईद-ए-मिलादुन्नबी के मुबारक अवसर पर बुधवार को पिथौरा नगर में मुस्लिम समाज द्वारा अकीदत, मोहब्बत और उत्साह के साथ जश्न मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत अलसुबह फज्र की नमाज के बाद स्थानीय मस्जिद में परचम-कुशाई (इस्लामी झंडोत्तोलन) के साथ हुई। वहीं, पूर्व रात्रि मस्जिद में मिलाद-ए-मोहम्मदी का आयोजन किया गया। मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सज्जादुल कादरी ने पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की सीरत एवं जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन मानवता, भाईचारे, सादगी, प्रेम और इंसानियत के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान नातिया कलाम प्रस्तुत किए गए।



### नार-ए-तकबीर से गूंजा नगर

दोपहर करीब तीन बजे स्थानीय जमा मस्जिद से जुलूस निकाला गया। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मस्जिद पहुंचा, जहां वह सभा में परिवर्तित हो गया। जुलूस में शामिल लोगों के हाथों में इस्लामी हरे झंडे थे और "नार-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर" तथा "नार-ए-रिसालत, या रसूलल्लाह" के नारों से नगर का वातावरण गूंज उठा। जुलूस के दौरान तिलावत और नात-ए-पाक भी प्रस्तुत की गई।

### सामाजिक सद्भाव की दिखी मिसाल

जुलूस के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। इस दौरान विभिन्न समाजों द्वारा जुलूस का स्वागत कर सामाजिक सद्भाव एवं भाईचारे की मिसाल पेश की गई। अग्रवाल समाज, सिख समाज एवं ब्राह्मण समाज सहित अन्य लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था कर स्वागत किया।

### पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

कार्यक्रम के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती रही तथा जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हाजी अनवर खान, रमजान खान, ज़ाकिर कुरैशी, मस्तान खान, सैयद हुसैन, हैदर खान, मुनीर खान, अबरार अली, अरमान खान, फिरोज खान, सहमान खान, इमरान कुरैशी, अमजद खान, हमिश रिजवी, शम्स कुरैशी एवं मुनव्वर खान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा चांदापर, कोकोभांटा, लखागढ़ एवं पिथौरा सहित आसपास के क्षेत्रों से भी मुस्लिम समाज के लोग जुलूस में शामिल हुए।ईद-ए-मिलादुन्नबी का यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी प्रेम, भाईचारे, शांति और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता हुआ संपन्न हुआ।

# अनुशासन को आत्मसात कर निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें : अशोक साहू

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रथम जिला स्तरीय कार्यसमिति बैठक में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महासमुंद की प्रथम जिला कार्यसमिति की बैठक में प्रथम बार पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू का स्वागत बड़ी धूमधाम के साथ जगह-जगह में कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। प्रथम जिला कार्यसमिति की बैठक उत्साह, ऊर्जा एवं गरिमामय वातावरण में हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, बूथ एवं मंडल स्तर की गतिविधियों को गति देने, पिछड़ा वर्ग समाज के बीच प्रभावी जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को लेकर विस्तारपूर्वक मंथन किया गया।

कार्यसमिति की बैठक एवं सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा, रीति-नीति एवं अनुशासन को आत्मसात करते हुए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता है। निरंतर जनसंपर्क, सेवा और संवाद के माध्यम से संगठन को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता है। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन की मजबूती का आधार है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने संगठनात्मक गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी एवं परिणामदायी बनाने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से निरंतर सक्रिय रहने की अपील की।




भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा ने संगठन में कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत संगठन के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता का सक्रिय योगदान आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन एवं सक्रियता के साथ संगठन के विस्तार में जुटने का आह्वान किया। वहीं संभाग प्रभारी नरोत्तम साहू, जिला प्रभारी देवदत्त साहू एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन पटेल ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं कार्ययोजना को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, पिछड़ा वर्ग समाज की सक्रिय भागीदारी तथा जनसेवा को संगठन की प्राथमिकता बताते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।



### दीपक म्हस्के से मुलाकात कर नवनियुक्त राष्ट्रीय संयोजक को दी बधाई

**महासमुंद।** भाजपा सोशल मीडिया के नवनियुक्त राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के से भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी एवं जिला संयोजक सोशल मीडिया हनी गंभीर ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें मिली नई जिम्मेदारी के लिए हर्ष जताया। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ के दीपक म्हस्के को राष्ट्रीय संयोजक जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना हम सबके लिए गौरव की बात है। उनके अनुभव, सक्रियता एवं कुशल नेतृत्व से भाजपा के सोशल मीडिया संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी की विचारधारा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में और गति आएगी। जिला संयोजक सोशल मीडिया हनी गंभीर ने कहा कि दीपक मश्के का राष्ट्रीय संयोजक के रूप में दायित्व संभालना भाजपा के सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और प्रेरणा का विषय है। उनके मार्गदर्शन में सोशल मीडिया संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा की डिजिटल टीम नई उपलब्धियां हासिल करेगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया मितुल कोठारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोशल मीडिया कमलेश चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने दीपक मश्के को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।



### राइस मिलर्स एसोसिएशन के स्नेह मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद।** राइस मिलर्स एसोसिएशन बागबाहरा द्वारा मंगलवार 25 अगस्त 2026 को चंडी माता मंदिर बागबाहरा में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। स्नेह, सौहार्द्र एवं आपसी भाईचारे की भावना से आयोजित इस समारोह में खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। समारोह में उपस्थितजनों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को स्नेह मिलन समारोह की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द को समाज एवं क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ताम्रध्वज बघेल, खोमेश साहू, मंताराम यादव, रमेश ठाकुर, मिथुन अमीर, आदि बोकडे सहित राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश जैन, प्रभुदयाल अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। स्नेह मिलन समारोह में सभी ने आपसी मेल-जोल एवं सौहार्द्र को मजबूत करने का संकल्प लेते हुए आत्मीय वातावरण में एक-दूसरे से मुलाकात की और आयोजन को सफल बनाया।

# 7 कृषि केंद्रों को अनियमितता बरतने पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में कीटनाशक विक्रय एवं भंडारण व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कृषि विभाग के उप संचालक फागूराम कश्यप के नेतृत्व में जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने 24 एवं 25 अगस्त को सरायपाली विकासखंड के विभिन्न कीटनाशी विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जेएमआर कृषि केंद्र मुड़पहार, पुष्पा कृषि सेवा केंद्र अर्जुंडा, कृष्णा कृषि सेवा केंद्र तोरेसिंहा, नरेश कृषि सेवा केंद्र सागरपाली, पटेल कृषि सेवा केंद्र सागरपाली, अंकित कृषि पेस्टीसाइड्स मुरमुरी एवं ओम एग्रो बलौदा में अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण में संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं करने, प्रतिष्ठान में मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करने तथा निर्धारित प्रोफार्मा में किसानों को बिल उपलब्ध नहीं कराने जैसी अनियमितताएं पाई गईं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित फर्मों को कीटनाशी अधिनियम, 1968 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी संबंधितों से पांच दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने की स्थिति में संबंधित कृषि केंद्रों के कीटनाशी लाइसेंस के निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उप संचालक कृषि कश्यप ने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा कीटनाशकों के विक्रय में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। उन्होंने कृषि आदान विक्रेताओं को नियमानुसार स्टॉक रजिस्टर संधारित करने, मूल्य सूची प्रदर्शित करने तथा किसानों को निर्धारित प्रारूप में बिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण दल में सहायक संचालक कृषि डॉ.परमजीत सिंह कंवर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सरायपाली विवेक पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सरायपाली एलके चौहान, कृषि विकास अधिकारी मनोज पटेल एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भीमेश्वर साहू उपस्थित रहे।



# रुद्राभिषेक, हवन-पूजन में शामिल हुए डॉ. रामप्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा विशाल मेगा मार्ट परिसर में आयोजित एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम में बुधवार को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपरिवार पूजा में शामिल हुए। डॉ. रामप्रताप सिंह, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया। महादेव की आरती के साथ पूजन कार्य संपन्न हुआ। अंत में पूजन में शामिल होने आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।



इस अवसर पर डॉ. रामप्रताप सिंह ने कहा कि महादेव देवों के देव हैं। श्रावण मास में उनकी पूजा का पुण्यलाभ प्राप्त करना अति लाभकारी है, जो भी भक्त महादेव की शरण में आते हैं उनकी मनोकामना महादेव अवश्य पूर्ण करते हैं। साथ ही उन्होंने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं उनके परिवारजनों को इस पुण्य कार्य के आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं विधायक सिन्हा ने कहा कि महादेव की सेवा में जीवन का सार छुपा हुआ है। हम तो सिर्फ माध्यम हैं करने वाले तो महादेव हैं। श्रावण मास में महादेव की सेवा करना परम सौभाग्य होता है।

### आज होगा सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का अभिषेक

एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम में आज सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण पश्चात अभिषेक होगा। फिर पार्थिव शिवलिंगों को विसर्जन के लिए शोभायात्रा के माध्यम से बम्हनी ले जाया जाएगा। इसके बाद शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ एक माह के रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम का समापन होगा।

# स्कार्पियो अनियंत्रित होकर नाले में घुसी, गाड़ी सवार उतरकर भागे तब खुली गांजा तस्करी की पोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चंगोराभाठा इलाके की गणपति विहार कालोनी में गांजे से भरी स्कार्पियो को पुलिस ने जब्त किया है। वाहन में 54 किलोग्राम गांजा भरा हुआ है, जिसे कुछ लोग तस्करी कर ले जा रहे थे। स्कार्पियो में गांजा भरा होने की सूचना कालोनीवासियों ने पुलिस को दी। डीडीनगर पुलिस ने कार और गांजा जब्त कर फरार आरोपियों की पतासाजी कर रही है। डीडीनगर थाना प्रभारी के अनुसार, गणपति विहार कालोनी में सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक स्कार्पियो तेज गति से जा रही थी, जो अनियंत्रित होकर कालोनी की मुख्य सड़क के किनारे नाले में जा घुसी। कार के सामने साइड का एक चक्का नाले में घुस गया, जिससे गाड़ी फंस गई। वाहन फंसा देख चालक और उसमें सवार लोग उतरकर मौके से भाग निकले। उन्हें भागते देख वहां मौजूद लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने जब कार के अंदर देखा तो उसमें से गांजे की तेज गंध आ रही थी। इससे लोगों को यह समझने में देर नहीं लगी कि कार से गांजा तस्करी की जा रही थी। इसके बाद सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने वाहन और गांजा दोनों जब्त कर लिए। कार के नंबर प्लेट पर सीजी-06,एचई-9900 लिखा हुआ है। पुलिस नंबर प्लेट के जरिए वाहन मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। आरटीओ कोड के अनुसार कार महासमुंद जिले की है, लेकिन गांजा तस्करी से यह मामला जुड़ा हुआ है, इसलिए पुलिस को संदेह है कि कार का नंबर फर्जी भी हो सकता है। फिलहाल पुलिस इस मामले में आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# टेट स्थगित, शिक्षकों को आवेदन का मौका, इसके बाद होगी पात्रता परीक्षा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई ने सितंबर 2026 सत्र की केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (22वां संस्करण) को स्थगित कर दिया गया है। इसके साथ ही 25 अगस्त से 1 सितंबर तक आवेदन विंडो फिर से खोली गई है। पूर्व में सीबीएसई ने 8 मई को इस परीक्षा का नोटिस जारी किया था, जिसके बाद आवेदन 11 मई से 10 जून तक स्वीकार किए गए थे। अब फिर से आवेदन विंडो खोली गई है। इसके साथ ही बोर्ड ने उन पात्र अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन का एक और मौका दिया है, जो पहले आवेदन प्रक्रिया के दौरान अपना फॉर्म नहीं भर सके थे। सीबीएसई की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, सीटीईटी आवेदन प्रक्रिया दोबारा प्रारंभ की जा रही है। जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही सफलतापूर्वक आवेदन जमा कर दिया है, उन्हें दोबारा पंजीकरण करने की जरूरत नहीं है। सीबीएसई ने बताया कि यह फैसला हाल ही में आए सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। फैसले में पात्र शिक्षकों को निर्धारित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की योग्यता हासिल करने की कानूनी आवश्यकता पूरी करने के लिए उचित अवसर देने पर जोर दिया गया था। इसी को देखते हुए बोर्ड ने उन पात्र अभ्यर्थियों को आवेदन का अतिरिक्त अवसर देने का फैसला किया है, जो पहले आवेदन नहीं कर पाए थे। अब जिन अभ्यर्थियों की पात्रता परीक्षा में शामिल होने की है, लेकिन वे उस अवधि में आवेदन जमा नहीं कर सके थे, वे दोबारा खोली गई आवेदन विंडो में अपना फॉर्म भर सकते हैं। दोबारा आवेदन का मौका केवल उन पात्र अभ्यर्थियों के लिए है, जो पहले आवेदन नहीं कर सके थे। अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। परीक्षा स्थगित होने के बाद सीबीएसई ने अभी नई परीक्षा तारीख घोषित नहीं की है। बोर्ड के अनुसार, आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सीटीईटी के 22वें संस्करण की संशोधित परीक्षा तारीख घोषित की जाएगी। अभ्यर्थियों को अभी नई परीक्षा तारीख के लिए इंतजार करना होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, देश के उन सभी सरकारी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी अर्थात टेट) पास करना अनिवार्य है, जिनकी सेवा के पांच साल या उससे अधिक की अवधि शेष है।

## खबर संक्षेप

### लता साहू को पीएचडी की उपाधि

**बिलाईगढ़।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के



कला संकाय के अंतर्गत हिंदी विषय में लता साहू पिता चंद्रभूषण साहू ग्राम धनसीर को समकालीन हिंदी उपन्यासों में विकलांग-विमर्श विषय पर पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। लता ने अपना शोध-कार्य डॉ. सविता मिश्रा, पूर्व प्राचार्य, शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजिम, जिला गरियाबंद के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने अपना शोध-केंद्र, शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय, रायपुर से संपन्न किया। उन्होंने अपने शोध में लता साहू ने समकालीन हिंदी उपन्यासों में विकलांग व्यक्तियों के जीवन-संघर्ष, उनकी सामाजिक स्थिति, संवेदनाओं, अधिकारों तथा समाज में उनके प्रति व्याप्त दृष्टिकोण का साहित्यिक एवं आलोचनात्मक अध्ययन किया है। उनका शोधकार्य विकलांग-विमर्श के विविध सामाजिक एवं साहित्यिक आयामों को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण है। पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ.विनय कुमार पाठक, डॉ. कल्पना मिश्रा, मंजू कोचे, गुरुजनों परिजनों, मित्रों को शुभकामनाएं दीं।

### अमर सिंह ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा, ग्रामीणों में हर्ष

**हिरमी रावन।** रावन निवासी अमर सिंह बघेल ने नीट परीक्षा में



सफलता प्राप्त कर एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चयनित होकर अपने परिवार एवं गांव का नाम गौरवान्वित किया है। उन्हें चंदुलाल चन्द्राकर मेमोरियल एम बी बी एस शासकीय कॉलेज कचानदुर दुर्ग मिला है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं ग्रामवासियों में हर्ष है। अमर सिंह बघेल की सफलता पर उनके पिता कृपा राम बघेल एवं माता सत्यवती बघेल ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिवार के सदस्यों बहन दीक्षा बघेल, हर्ष बघेल सहित पुनम, धनुष, सुरेश, कोमल चंद, टीआर वर्मा एवं पी आर वर्मा ने अमर सिंह को बधाई दीं। ग्रामवासियों ने भी अमर सिंह बघेल की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### श्रेयश खटकर को एमबीबीएस की परीक्षा में मिली सफलता

**मुड़पार सरसीवां।** समीपस्थ मुड़पार गांव के श्रेयश खटकर ने



बिना कोचिंग के ही दूसरे प्रयास में नीट परीक्षा में 59वां रेंक हासिल किया है। उन्हें चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग मिला है। इस उपलब्धि से ग्रामवासियों व अंचल के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्रेयश को बधाइ दी। श्रेयश खटकर की सफलता से इनके बड़े पिता करमन खटकर, बड़ी मम्मी प्रमिला खटकर, पिता नीलकांत खटकर और माता विमला खटकर, चाचा डग़ेश, हरीश खटकर, पूर्व डी आई जी हेतराम मनहर, श्याम टंडन, टिक्वेंद्र जाटवर, दयाराम खुराना, इंजीनियर के आर खुराना, तरुण खटकर, डॉ सुरेश खूंटे, डॉ वीरेंद्र अनंत, डॉ प्रवीण जांगड़े, डॉ प्रकाश कुर्रे ने हर्ष व्यक्त किया है।

## निधन

### नरेश वाधवानी

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के गुरु नानक वार्ड 5 निवासी नरेश वाधवानी 55 साल का बुधवार को निधन हो



गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर को सार्वजनिक सिंधी श्मशान घाट में किया गया। वे स्व. कल्लूमल वाधवानी के पुत्र भीमसेन वाधवानी के भाई थे। समाज सेवा से जुड़े नरेश की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए ।

# नए छात्रों ने लिया अनुशासन और संस्कार के साथ आगे बढ़ने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

कोहका स्थित सत्यनारायण अग्रवाल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं उच्च शिक्षा के नए सफर से परिचित कराने के उद्देश्य से दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को महाविद्यालय की कार्यप्रणाली, अनुशासन, नियमों के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सर्वांगीण विकास के अवसरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा की अध्यक्ष चंद्रकला रहीं। विशेष अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि राम पंजवानी उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन केवल डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और जिम्मेदार नागरिक बनने की महत्वपूर्ण सीढ़ी है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राम पंजवानी ने कहा कि जीवन में सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि नियमित मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में किए गए प्रयासों से मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि महाविद्यालय में मिले हर अवसर का सदुपयोग करें, अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ें। मंच पर कोहका सरपंच तेजराम वर्मा, उद्योगपति एवं दानदाता नीरज अग्रवाल सहित अन्य अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दीक्षारंभ समारोह में अनुशासन, नियमों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों की दी गई जानकारी




### अनुशासन, समय की पाबंदी और जिम्मेदारी के साथ जीवन का सदुपयोग करने का आह्वान

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएल वर्मा ने की । प्राचार्य डॉ. एमएल वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समय की पाबंदी और जिम्मेदारी के साथ महाविद्यालयीन जीवन का सद्धुपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन गीता बंजारे ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. आशीष कुमार आसटकर ने किया। समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, समन्वयक डॉ. जावेद के शाह कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं ने पुरेना तालाब शिव मंदिर में पहुंचकर चढ़ाया जल

# कांवड़ यात्रा में लगे बोल बम के जयकारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम अर्जुनी में 26 अगस्त को विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कावड़ यात्रा नवा तालाब स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग से पूजा अर्चना कर एवं जल लेकर खैरताल समीपस्थ पुरेना तालाब स्वयंभू शिव मंदिर में संपन्न हुई। इस भक्तिमय कावड़ यात्रा में शिवजी की प्रतिकात्मक चित्र को पालकी में सजाकर भक्तजनों द्वारा ले जाया गया। यात्रा में बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, बम बम भोले, हर हर महादेव एवं बोल बम के जयकारों से कावड़ यात्रा गुंजायमान रहा। आस्था एवं भक्तिमय श्रद्धा के इस पावन यात्रा में बड़े व युवा, महिलाएं, युवतियां तथा नन्हें बच्चों ने भी कावड़ में जल लेकर यात्रा में बढ़ चढ़कर शामिल हुए। खैरताल समीपस्थ पुरेना तालाब स्वयंभू शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर में जनपद सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, तुलाराम वर्मा, डमरू धर वर्मा, चिंतामणि साहू, प्रेम साहू, हर्ष वर्मा, सचिन सेन, विनोद सोनी सहित कावड़ यात्रियों का जत्था अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## पीली साड़ी पहनकर महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा



**बलौदाबाजार।** सावन के पावन अवसर पर मंगलवार को शहर के पुरानी बस्ती ठाकुर देव चौक की महिलाओं ने कांवड़ यात्रा निकाली। शहर के मॉवली मंदिर से जल लेकर सोनपुरी स्थित भुतेश्वर नाथ शिव मंदिर तक यह यात्रा संपन्न हुई, जहाँ महिलाओं ने जलाभिषेक किया। इस कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े, जिससे पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा। महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक के लिए कांवड़ में पवित्र जल लेकर यात्रा पूरी की। यात्रा का मुख्य आकर्षण महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। उन्होंने पीली साड़ियों में एकजुट होकर भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। भोलेनाथ के नाम एक लोटा जल, सभी समस्याओं का हल अभियान के तहत श्रद्धालुओं ने रास्ते में स्थित सभी शिवालयों में भी जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि सावन के पवित्र महीने में भगवान भोलेनाथ की आराधना करने से मन को शांति और सुख-समृद्धि मिलती है। इस कांवड़ यात्रा को लेकर क्षेत्रवासियों में भी काफी उत्साह देखा गया।

# छग पेंशनर्स प्रांताध्यक्ष के पद पर चेतन भारती निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के संविधान के अधिनियम 14 के उपनियम 17-18 के तहत प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी श्याम बिहारी अग्रवाल द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों तथा रिक्त पदों पर संविधान के अनुरूप मनोनीत सदस्यों की सूची जारी की गई है। कार्यकारिणी में प्रांताध्यक्ष के पद पर चेतन भारती निर्वाचित हुए हैं। प्रबंधन सलाहकार के रूप में श्याम बिहारी अग्रवाल एवं बैशाखू साहू को जिम्मेदारी दी गई है। उप प्रांताध्यक्ष के पद पर बी.एल. चन्द्राकर कार्यकारी अध्यक्ष, बी.आर. साहू रायपुर, कृष्ण प्रसाद तिवारी बेमेतरा, के.आर. जनार्दन बिलासपुर, हरिशंकर सिंह अंबिकापुर सरगुजा, आर.एल. देव धमतरी, एन.के. वर्मा गरियाबंद, होरीलाल साहू धमतरी, मीरेन्द्र सिंह साहू रायपुर, जी.के. साहू बालोद, हीरासिंह वर्मा दुर्ग तथा समीर कुमार डे बलौदाबाजार-भाटापारा को शामिल किया गया है। महासचिव के पद पर चुन्नी लाल साहू डोंडी-लोहारा, अम्बिका प्रसाद वर्मा खरोरा एवं रघुनंदन लाल वर्मा पलारी को जिम्मेदारी मिली है। मुख्य संगठक रमाकांत कैवर्त अभनपुर हैं। प्रांतीय कोषाध्यक्ष के रूप में उदय राम साहू रायपुर एवं रूपमणि सिंह सरदार बिलाईगढ़, प्रांतीय सचिव के रूप में गोपाल दास पड़वार खरोरा तथा प्रांतीय संयुक्त सचिव के रूप में सियाराम साव डौंडी-लोहारा एवं लवकुश अग्रवाल देवकर को मनोनीत किया गया है। इसके साथ प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य में 28 सदस्य शामिल हैं। समाज के पदाधिकारियों ने नई कार्यकारिणी के माध्यम से पेंशनर्स हितों से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है।

# 64 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को शासन की महत्वकांशी योजना के अतर्गत सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान कक्षा नवमीं में नवप्रवेशी 64 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर रहे। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच नामेश्वरी दीवान, उपसरपंच लोकनाथ पटेल, पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन, सांसद प्रतिनिधि दुकालुराम पटेल, किरण यदु, लेखमणी पटेल एवं शाला समिति के अध्यक्ष रूपेंद्र साहू उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ठाकुर ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना। और शिक्षा को बढावा देना एवं दूर दराज से आने वाली छात्राओं के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित करना है। उन्होंने छात्राओं को नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने राज्य सरकार और विद्यालय प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, भूपेन्द्र पढियार, समिति के सदस्य धनेश्वर सेन, मालिकराम निषाद, ललित पटेल, ज्योति पांडे, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# चारभाठा में छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारभांठा में छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सभापति कमल छावड़ा, पुरुषोत्तम घृतलहरे, कैलाश चंद्र अग्रवाल (विधायक प्रतिनिधि), सतपाल सिंह छाबड़ा (सरपंच संघ अध्यक्ष) भाजपा मंडल अध्यक्ष हलधर साहू सहकारी समिति अध्यक्ष निरंजन यादव एवं सरपंच मधुबनी युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय चौधरी उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उन्हें शिक्षा के लिए लंबी दूरी तय करने में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

# खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में पिथौरा में भूपेश बघेल का भव्य स्वागत

**महासमुंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के महासमुंद जिले में आगमन पर पिथौरा में खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में कांग्रेसजनों द्वारा आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भूपेश बघेल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बघेल ने सभी कांग्रेसजनों का अभिवादन स्वीकार किया और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। स्वागत कार्यक्रम में मुकेश यादव, नरेंद्र सेन, बुधेश्वर डड़सेना, अरविंदर छाबड़ा, कौशल रोहिला, राजू सिन्हा, घनश्याम ढाढी, युगल यादव, पूनम मानिकपुरी, किशोर सोनवानी,



हराधन प्रधान, लता ठाकुर, गंगाधर बरहिया, महेश्वर पटेल, पवन साहू, खिलेश ठाकुर, अशोक राजपूत, गीतेश चौधरी, राजा कोसरिया, जगदीश भोई, चंपत यादव, देवेश कश्यप एवं क्षेत्राम आनंद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष

### ईद-मिलाद-उन...

जाता है। उन्होंने सभी धर्मों और समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा मिल-जुलकर समाज और क्षेत्र की शांति को मजबूत करने की अपील की। जुलूस के दौरान प्रशासन एवं पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। निर्धारित मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था को भी व्यवस्थित किया गया। आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष परवेज खान, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, मुस्लिम समाज अध्यक्ष जिलानी खान, इमाम इरफान, गुलजार हाफिज, बबलू खान, मौलाना इफ्तेखार, रियाज तेवर, इमरान खान, तनवीर अहमद, जावेद खान, सैय्यद असीफ अली एवं सैय्यद जाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### डाक विभाग ने लगाया...

कराई जा रही है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं अन्य शासकीय कार्य प्रभावित न हों। शिविर में उप डाकघर कसडोल के आधार ऑपरेटर धनंजय श्रीवास, आमाखोहा पोस्टमास्टर रवि कुमार मांझी, हटौदबाजार कार्यवाहक पोस्टमास्टर अनुराग ठाकुर, स्कूल समिति अध्यक्ष सालिक राम यादव, प्राचार्य संतोष कुमार धृतलहरे, व्याख्याता रूपेश पटेल, रामजी रजक, सीता कैवर्त एवं प्रधान पाठक योगेंद्र कुमार श्रीवास सहित विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### राखी से पहले...

एक भाई की ओर से बहनों के लिए सम्मान और स्नेह का उपहार है। मंजू कहती हैं - इस रक्षाबंधन पर हमारे विष्णु भैया ने हम सभी बहनों को बहुत खूबसूरत तोहफा दिया है। रक्षाबंधन से पहले 31वीं किस्त मिलने से हमारी खुशियां दोगुनी हो गई हैं।



# रक्षाबंधन को लेकर हिरमी-मोहरा सहित आसपास के गांवों में सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

रक्षाबंधन को लेकर हिरमी, मोहरा सहित आसपास के गांवों के बाजार एक दिन पहले ही राखियों और पूजन सामग्री से सज गए हैं। दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियां, मिठाइयां, उपहार एवं पूजा सामग्री की आकर्षक सजावट देखने को मिल रही है। पर्व को लेकर बाजार में लोगों की चहल-पहल भी बढ़ गई है। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधकर उनके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं। वहीं भाई भी बहनों की रक्षा, सम्मान और सुख-दुःख में साथ निभाने का संकल्प लेते हैं। यह पर्व केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और पारिवारिक



रिश्तों को मजबूत करने का संदेश देता है। रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाओं में भगवान विष्णु और राजा बलि का प्रसंग भी विशेष महत्व रखता है। मान्यता के अनुसार माता लक्ष्मी ने राजा बलि को भाई मानकर रक्षा-सूत्र बांधा था। इसके बाद राजा बलि ने उनके आग्रह का सम्मान करते हुए भगवान विष्णु को वैकुंठ लौटने की अनुमति दी। यह प्रसंग सत्य, वचन, त्याग, प्रेम और भक्ति की महत्ता को दर्शाता है। पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह का माहौल है। बहनें अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियां और मिठाइयां खरीद रही हैं, वहीं भाई भी बहनों को उपहार देने की तैयारियों में जुटे हैं। रक्षाबंधन की पवित्र डोर रिश्तों को बांधने के साथ उन्हें जीवनभर प्रेम और जिम्मेदारी से मजबूत बनाए रखने का संदेश देती है।

## रक्षाबंधन पर्व के लिए नगर के बाजार में सजी राखीं की दुकानें

**खरोरा।** रक्षा बंधन पर्व के लिए अब महज एक दिन ही शेष है। पर्व के लिए शहर में राखियों की दुकानें जगह-जगह देखी जा रही है। इस बार महंगाई का असर त्योहारी बाजार पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार लोगों को राखियां खरीदने के लिए 10 से 15 प्रतिशत तक अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। दुकानदारों के अनुसार, पिछले साल जो राखियां 50 रुपये में बिक रही थीं, वे इस बार 65 से 70 रुपये तक मिल रही हैं। इसी प्रकार, 100, 150 और 200 रुपये तक बिकने वाली राखियों के दान



बढ़कर क्रमश 130, 175 और 230 रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं, 50 रुपये से कम कीमत वाली सामान्य राखियों में मी 5 से 10 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### कार्टून राखियां बनी आकर्षण का केंद्र

बाजार में इस बार बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र विभिन्न कार्टून किरदारों जैसे डोरेमॉन, छोटा भीम और मोटू-पतलू वाली राखियां बनी हुई हैं। इसके अलावा बच्चों में लाइट और म्यूजिकल जलने वाली राखियों का क्रेज सबसे ज्यादा है। अपना फैंसी के संचालक मुकेश देवांगन ने बताया किवहीं बड़ों के लिए पारंपरिक सूत, रेशम के धागों के साथ-साथ कुंदन, जरदोजी और स्टोन वर्क वाली डिजाइनर राखियों की मांग सबसे अधिक बनी हुई है। शुभ प्रतीक राखी जिनमें ओम, स्वास्तिक आदि का चिन्ह बना हुआ है, उनकी खरीदारी ज्यादा हो रही है। बच्चों में अलग-अलग प्रकार की किड्स राखी की मांग है।

## खबर संक्षेप

### नर्मदेश्वर शिव मंदिर में भंडारा का आयोजन



**बंगोली।** ग्राम बंगोली के मिलपारा में स्थापित भगवान नर्मदेश्वर शिव मंदिर में बुधवार को श्रावण मास पर खीर प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर अध्यक्ष रामस्वरुप सेन, दिलीप धुरंधर, नरेश कुमार वर्मा सहित मुहल्ले के सभी मंदिर सदस्यगण के सहयोग से यह खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

### पेंड्रावन जलाशय में ओव्हरफ्लो पानी



**बंगोली।** खराब मौसम के चलते अनवरत बारिश होने से पेंड्रावन जलाशय में 16 फीट पानी का जलभराव हुआ हैं। इससे जलाशय से कम से कम 200 क्यूसेक पानी का ओव्हरफ्लो हो रहा है। बावजूद इसके विगत तीन दिनों से 50 क्यूसेक पानी नहर में सिंचाई विभाग डिसनेट बंगोली द्वारा नहर में पानी छोड़ा गया है। पेंड्रावन जलाशय की 17 फीट पानी स्टोर क्षमता है।

### स्थानांतरण पर व्याख्याता प्रमोद देवांगन को दी विदाई



**भरुवाडीह/सैहा /गुमा।** दाऊ खुमान सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में व्याख्याता प्रमोद कुमार देवांगन के स्थानांतरण पर विद्यालय परिवार ने विदाई दी। देवांगन का स्थानांतरण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिकचौरी अभनपुर, जिला रायपुर हुआ है। प्राचार्य शांता कुमार खटकर, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष रोमनाथ वर्मा, सरपंच चंद्रकांता साहू एवं विद्यार्थियों ने श्रीफल, शाल, स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया। देवांगन ने गुमा में पांच वर्ष पांच माह पांच दिन की सेवा को यादगार बताया। विदाई के दौरान विद्यार्थी व शिक्षक भावुक हो गए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक राजेंद्र रात्रे, डीपी साहू, राजेश साहू, दिलीप बंदे, अर्चना मिंज, मोहनलाल भारद्वाज, मंजू चौहान, आरके मांडरे, ज्ञानेश्वरी साहू, रमा वर्मा, एसआर साहू, ममता ध्रुव एवं स्काउट्स-गाइड्स प्रशिक्षक योमेश कुमार साहू सहित विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### सेवानिवृति पर तुकाराम को स्कूल प्रबंधन ने दी विदाई



**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक शाला गनियारी से प्रधानपाठक पद पर सेवानिवृत्ति शिक्षक तुकाराम चंद्राकर का विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुलारी सुरेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, शिव शंकर वर्मा जनपद सदस्य, गनियारी की प्रथम नागरिक सरपंच संतोषी राजेंद्र निर्मलकर, उपसरपंच कुमारी वर्मा, तीनों शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्यामलाल साहू, बिहारी लाल साहू, गांव से आए वरिष्ठ जन खुबीराम वर्मा, धनेंद्र वर्मा, ढाल सिंह यादव, ओंकार प्रसाद साहू उपस्थित रहे।

## प्याज का खुदरा कीमत 60 रुपए प्रति किलो

# चीनी और प्याज के बाद सब्जियों के बढ़े दाम ने बिगाड़ा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी।

चीनी के बाद अब प्याज के बढ़ते दाम ने आम आदमी की रसोई घर का बजट बिगाड़ना शुरू कर दिया है। प्याज का खुदरा कीमत 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है, जबकि थोक मंडी में अच्छी क्वालिटी के प्याज का भाव 45 से लेकर 48 रुपए प्रति किलो चल रहा है। अचानक बड़े दामों से आम आदमी को चिंता में डाल दिया है। दुकानदारों के अनुसार बरसात के कारण प्याज की आवक प्रभावित हुई है इसके अलावा नई फसल की आवाक में देरी भी कीमतों में उछाल की बड़ी वजह मानी जा रही है। मंडी में पर्याप्त आवक नहीं होने से प्याज के भाव लगातार बढ़ रहे हैं।

वहीं चीनी और प्याज के साथ-साथ सब्जियों से लेकर खाद्य तेल के बढ़े दाम ने घरेलू बजट पर सीधा असर डाका डाला है। बाजार में रोजाना सब्जी खरीदने वाले लोगों का कहना है कि अब 30 से 60 रुपये किलो सब्जी खरीद रहे हैं। 200 रुपए की सब्जी खरीदने के बाद भी थैला नहीं भर



रहा है। रही सही कसर चीनी प्याज और खाद्य तेल की कीमतों ने निकाल दी है। रसोई का बजट अचानक से 30 फीसदी तक बढ़ गया है, जो आम आदमी और मध्यम परिवार के लोगों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### सब्जियों की आवक कम होने से बाजारों में सन्नाटा पसरा

एकाएक बढ़े सब्जियों के दामों ने खाने का जायका कम कर दिया है। सब्जियों की आवक कम होने से बाजारों में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। पहले ही चीनी और प्याज के बढ़े दाम से गृहिणी परेशान थीं। इसके बाद दो माह के अंदर सब्जियों के दाम दोगुना से ज्यादा बढ़ गये जिससे लोगों का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। सब्जी दुकानदार ने बताया कि बाढ़ के कारण सब्जियां पूरी तरह से बर्बाद हो गयी हैं। जिस कारण बाजार में आवक कम हो रहा है। किसी तरह सब्जी आ रही है तो उसके दाम सुनकर ग्राहक आगे बढ़ जा रहे है। हरी सब्जियों का दाम बढ़ने से लोगों के रसोई का बजट बिगड़ गया है। एक गृहिणी ने बताया कि जो सब्जी 20 दिन पहले 20 रुपये किलो के हिसाब से मिलती थी। इन दिनों 40 से 60 रुपये किलो बिक रही है। सब्जी का दाम में गोभी 80 रुपये, पत्ता गोभी 40 रुपये किलो, बैगन 40 रुपये किलो, टमाटर 30 रुपये किलो, शिमला मिर्च 60 रुपये किलो, तरोई 50 रुपये किलो, लौकी 30 रुपये किलो, भिंडी 40 रुपये किलो, मूली 60 रुपये किलो, परवल 50 रुपये किलो, आलू 25 रुपये किलो, प्याज 60 रूपये किलो एवं शक्कर 75 रूपये किलो चल रहा है।

# गणेश उत्सव के लिए आकार ले रहा पंडाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बनने लगा है। पर्व की तैयारियों के बीच महाकाल गणेश उत्सव समिति द्वारा तैयार किया जा रहा भव्य एवं आकर्षक पंडाल इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है। समिति द्वारा पंडाल निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिसकी विशाल संरचना श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है। महाकाल गणेश उत्सव समिति का यह पंडाल बांस और बल्ली से विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। पंडाल की विशालता और आकर्षक बनावट इसे अन्य आयोजनों से अलग पहचान दे रही है। कारीगर पंडाल को अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पंडाल तैयार होने के बाद यहां आकर्षक विद्युत सजावट, रोशनी और भव्य गणेश प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। महाकाल गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश चतुर्थी को यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है। समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। गणेश उत्सव नजदीक आने के साथ ही क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनने लगा है और श्रद्धालुओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# परसापाली में होगी भोजली प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ग्राम परसापाली में इस वर्ष भी भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में ग्राम सहित आसपास के गांवों से प्रतिभागी शामिल होंगे। भोजली की आकर्षक सजावट एवं पारंपरिक वेशभूषा के साथ प्रतिभागी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे।

विदित है की ग्राम परसापाली में रक्षाबंधन के दूसरे दिन मनाए जाने वाले भोजली कार्यक्रम क्षेत्र में प्रसिद्ध है। वर्षों से चली आ रही परम्परा को देखने के लिए आस पास के क्षेत्र से लोग बड़ी संख्या में यहां आते हैं। इसके साथ ही भोजली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 5701 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 4601 रुपये, तृतीय पुरस्कार 3501 रुपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 2501 रुपये निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू मुख्यरूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पवन साहू जिला पंचायत उपाध्याय, बालेश्वर वैष्णव सरपंच व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, धनीराम धीवर छाया विधायक, महेंद्र मोनू साहू जिला पंचायत सदस्य, ईशान वैष्णव जिला पंचायत सदस्य एवं सरिता जायसवाल भाजपा नेत्री सहित आसपास के ग्रामों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। ग्राम परसापाली की सरपंच भुनेश्वरी हेमंत यादव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर आयोजन की शोभा बढ़ाएंगी।

आयोजकों ने बताया कि उक्त आयोजन की तैयारी के लिए समिति के सभी सदस्यगण विगत महीने भर से लगे रहते है। भोजली प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोकपरंपरा, संस्कृति और पारंपरिक पर्वों को जीवंत बनाए रखना है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

# शहर में ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

मुस्लिम जमात सिमगा द्वारा ईद मिलादुन्नबी का पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस की याद में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। नगर में मुस्लिम समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जो विभिन्न मार्गो से होकर गुजरा। जुलूस में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। जुलूस का जगह जगह स्वागत भी किया गया। समाज के पप्पू अली ने बताया कि यह दिन उनके जीवन शिक्षाओं और मानवता के प्रति दिए गए संदेशों को याद करने का अवसर है। हजरत मोहम्मद ने लोगों को अमन, शांति, प्रेम, भाईचारे, इंसाफ और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया। ईद मिलाद-उन-नबी का उद्देश्य केवल खुशी मनाना ही नहीं, बल्कि पैगंबर साहब की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाना भी है। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें धर्म, जाति और समुदाय से ऊपर उठकर इंसानियत की सेवा करनी चाहिए तथा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे आना चाहिए। उन्होंने सिमगा सहित प्रदेशवासियों को ईद मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद देते हुए सभी के जीवन में अमन, खुशहाली और तरक्की की कामना की। समाज के लोगों ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी हमें पैगंबर हजरत मोहम्मद के बताए रास्ते पर चलते हुए आपसी भाईचारा, सौहार्द और मानव सेवा को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है।

## सड़क, अग्नि, एलपीजी एवं विद्युत सुरक्षा के बताए जरूरी उपाय

# सुरक्षा जागरूकता से ग्रामीण महिलाएं हुईं जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर की ओर से प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्रामीण समुदाय में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क, अग्नि, एलपीजी एवं विद्युत सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 40 महिलाओं को दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली आवश्यक सुरक्षा सावधानियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अल्ट्राटेक प्रबंधन के सुरक्षा विभाग के अधिकारी देवेश सिंह ने सड़क सुरक्षा के तहत यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की सलाह दी। अग्नि सुरक्षा के संबंध में आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों, आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने तथा सुरक्षित स्थान पर जाने की जानकारी दी गई। वहीं एलपीजी







सुरक्षा के तहत गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग, रेगुलेटर की नियमित जांच और गैस रिसाव होने पर तत्काल बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। विद्युत सुरक्षा के तहत खुले एवं क्षतिग्रस्त तारों से दूर रहने, गीले हाथों से विद्युत उपकरणों को नहीं छूने तथा विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मर के आसपास विशेष सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने सुरक्षा नियमों का पालन करने और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। सीएसआर प्रमुख निरुपा श्रीवास्तव एवं अधिकारी ज्योत्सना पति ने महिलाओं को दैनिक जीवन में सुरक्षा उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर टीम के सुरेंद्र यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, सुनीता निषाद, साहिल बंधे एवं गुमान साहू का योगदान रहा।

## प्रदर्शनी देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विद्यार्थियों के प्रयास, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच की सराहना की

# विज्ञान प्रदर्शनी और आइडिएशन-26 में छात्रों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ, रवान में दो दिवसीय भव्य विज्ञान प्रदर्शनी एवं आइडिएशन-26 का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खोजी प्रवृत्ति, रचनात्मकता, तार्किक क्षमता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्राचार्य पद्माकर मिश्रा, विभिन्न विभागों के समन्वयकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में हुआ। प्रदर्शनी में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने लिटिल आइडियाज, बिग इम्पैक्ट थीम पर स्मार्ट होम, वर्षा जल संचयन, मानव फेफड़े का इंटरएक्टिव मॉडल और जल चक्र सहित विभिन्न विषयों पर आकर्षक वर्किंग मॉडल



प्रस्तुत किए।

कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आपदा प्रबंधन, खाद्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, परिवहन एवं संचार, प्राकृतिक खेती, गणित, अपशिष्ट प्रबंधन तथा संसाधन प्रबंधन जैसे विषय निर्धारित किए गए। प्रत्येक हाउस से विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए। वर्किंग मॉडल के साथ चार्ट एवं स्टिक फाइल के माध्यम से विषयों को प्रभावी ढंग से समझाया गया।

वहीं कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आइडिएशन-26 आयोजित किया गया। इसमें विषय की बाध्यता नहीं रखी गई, जिससे विद्यार्थियों को अपनी स्वतंत्र सोच और कल्पनाशीलता के आधार पर नवीन प्रोजेक्ट, प्रोटोटाइप एवं वर्किंग मॉडल तैयार करने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने भविष्य की तकनीक और वर्तमान समस्याओं के समाधान से जुड़े विभिन्न अभिनव विचार प्रस्तुत किए।

प्रदर्शित मॉडलों का मूल्यांकन विशेष निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। आयोजन ने विद्यालय के 'थिंक, क्रिएट, इनोवेट' के मूल मंत्र को सार्थक किया। प्रदर्शनी देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विद्यार्थियों के प्रयास, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच की सराहना की। विद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

